SWATANTRA CHETANA, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

टीसीएस आईटी विज लखनऊ में 9 को

बारह सौ छात्रों ने कराया पंजीकरण

वाणिज्य संवाददाता

लखनऊ, 04 अक्टूबर। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के आईटीविज लखनऊ क्षेत्रीय फाइनल के 7 वें संस्करण के लिए उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखण्ड के स्कूलों कें 600 दलों ने अब तक पंजीकरण करा लिया है। प्रत्येक दल में दो सदस्य हैं। टीसीएस आईटीविज आगामी मंगलवार, 9 अक्टूबर को इंद्रा गाँधी प्रतिष्ठान, विभूति खण्ड, गोमतीनगर में होगा। विख्यात क्विज मास्टर गिरी बाला सुब्रह्मण्यम प्रश्नोत्तरी का संचालन करेंगे।

टाटा कसल्टेंसी सर्विसेज के क्षेत्रीय प्रमुख जयंत कृष्णा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संबधित संस्थाओं के माध्यम से 06 अक्टूबर तक टीसीएस आईटी विज समन्वयक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अवध पार्क, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को प्रविष्टियाँ भेजनी होंगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय राउन्ड के उपरान्त राष्ट्रीय फाईनल का दिसम्बर में आयोजन किया जायेगा, जहाँ 14 क्षेत्रीय दौर से विजेता टीम चैंपियन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। आईटी विज का लखनऊ संस्करण उत्तराखण्ड एवं उ.प्र. के कक्षा 8 से कक्षा 12 में पढ़ रहे छात्रों के लिए खुला है। यह प्रतियोगिता निःशुल्क है।